# SECOND YEAR HIGHER SECONDARY

# FIRST TERMINAL EXAMINATION-2024

# HINDI

**Maximum:80 Scores**

**Time : 2 1/2 hour**
**Cool-off time:15 minutes**

**सूचना:** 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर **कोष्ठक से** चुनकर लिखें। **(5×1=5)**

1. 'मेरे भारतवासियो ' किसका भाषण है?
   ( नेहरूजी का, गाँधीजी का, रूनाल्डो का)
2. 'सूरीनाम में पहला दिन' किस विधा की रचना है?
   (जवाबी पत्र,कविता, सफ़रनामा)
3. मातृभूमि का परिधान क्या है?
   ( नीलांबर, रत्नाकर,नदियाँ)
4. सूरदास किसका भक्त था?
   (राम का, शिव का, कृष्ण का)
5. कैदी बाप किसके नाम जवाबी पत्र लिख रहे हैं?
   (बेटे के, बेटी के, पत्नी के )

**सूचनाः** कवितांश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

पाकर तुझसे सभी सुखों को हमने भोगा।

तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा?

तेरी ही यह देह, तुझी से बनी हुई है।

बस तेरे ही सुरस-सार से सनी हुई है।

फिर अंत समय तू ही इसे अचल देख अपनाएगी।

हे मातृभूमि ! यह अंत में तुझ में ही मिल जाएगी।

6. 'शरीर' का समानार्थी शब्द कवितांश से ढूँढ़कर लिखें। **(1)**
7. ' तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा' - कवि क्यों ऐसा कहता है? **(2)**
8. कवितांश की **आस्वादन टिप्पणी** लिखें। **(6)**

**सूचनाः** 9 से 11 तक के प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखें। **(2x2=4)**

9. कैदी बाप को बेटी का खत आँसुनामा लगा। क्यों?
10. पारामारिबो शहर लेखक को भारतीय शहर जैसा लगा। क्यों?
11. ' मातृभूमि 'कविता में कवि ने मातृभूमि का वर्णन किसप्रकार किया है?

**सूचना:**12 से 15 तक के प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लिखें। **(3×4=12)**

12. ये कथन पढ़ें और बादशाह के **चरित्र पर टिप्पणी** लिखें।

   * तीन दफ़ा सुनने के बाद भी दिल को करार नहीं आया।

   * दिल्लीवाले मुझको रोते होंगे। वे क्या यह नहीं जानते कि मैं भी उनको रोता हूँ।

**13.** जीवन-वृत्त पढ़ें और हिमांशु जोशी के बारे में एक **अनुच्छेद** लिखें।

**जीवन-वृत्त**

| | |
|---|---|
| नाम | : हिमांशु जोशी |
| जन्म | : 1935,उत्तराखंड |
| विशेषता | : हिंदी के बहुमुखी प्रतिभावान साहित्यकार |
| श्रेष्ठ यात्रावृत्तांत | : यात्राएँ, नोर्वे : सूरज चमके आधी रात |

**14.** हिंदी और समानार्थो विदेशी शब्दों का **सही मिलान** करें।

| | |
|---|---|
| देश | यतीम |
| विधवा | तोहफ़ा |
| अनाथ | बेवा |
| इनाम | मुल्क |

**15.** सूरीनाम में हिंदी के प्रचार-प्रसार में किन किन का विशेष योगदान रहा है?

**सूचना:** गद्यांश पढ़ें और प्रश्न 16 और 17 के उत्तर लिखें।

भविष्य में हमें विश्राम करना या चैन से नहीं बैठना है बल्कि निरंतर प्रयास करना है। भारत की सेवा का अर्थ है लाखों - करोड़ों पीड़ित लोगों की सेवा करना। इसका मतलब है गरीबी और अज्ञानता को मिटाना। बीमारियों और अवसर की असमानता को मिटाना। हमारी पीढ़ी के सबसे महान व्यक्ति की यही महत्वाकांक्षा रही है कि हर एक आँख से आँसू मिट जाएँ।

**16.** भारत की सेवा का अर्थ क्या है? **(2)**
**17.** गद्यांश का **संक्षेपण** करें। **(6)**

**सूचना:** 18 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखें। **(3×6=18)**

**18.** पद पढ़ें और **भावार्थ** लिखें।

सुतमुख देखि जसोदा फूली।
हरषित देखि दूध की दँतियाँ
प्रेम मगन तनु की सुधि भूली ॥
बाहिर ते तब नंद बुलाए
देखौ धौं सुंदर सुखदाई।
तनक तनक सी दूध की
दँतियाँ देखौ नैन सुफल करो आई॥
आनंद सहित महर तब आए
मुख चितवन दोउ नैन अघाई।
'सूर' स्याम किलकत द्विज
देख्यो मानो कमल पर बीजुजमाई ॥

**19.** नेहरुजी के भाषण के बारे में दो मित्रों के बीच की **बातचीत** लिखें।

- भाषण का संदेश
- भारतवासियों का कर्तव्य
- भाषण की प्रासंगिकता

**20.** जून 5 विश्व पर्यावरण दिवस (World Environment day) है। मान लें, इस अवसर पर आप के स्कूल में ' पर्यावरण की सुरक्षा' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। उसके लिए एक **पोस्टर** तैयार करें।

**21.** अंग्रेज़ी खंड पढ़ें और **हिन्दी में अनुवाद** करें।

Jawaharlal Nehru was the first Prime minister of independent India. He was born on 14 November 1889 in Allahabad. He loved children very much. His birthday is celebrated as children's day.

(independent India - स्वतंत्र भारत, celebrate- मनाना, children's day-बाल दिवस)

**सूचनाः** 22 से 25 तक के प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लिखें। **(3×8=24)**

**22.** सही मिलान करें।

| | |
|---|---|
| परिधान | आभूषण |
| रत्नाकर | पक्षी |
| पयोद | नक्षत्र |
| रज | वस्त्र |
| मोद | समुद्र |
| मंडन | मेघ |
| खग | हर्ष |
| तारा | धूलि |

**23.** मिलमा (Milma) कंपनी की ओर से बाज़ार में एक नया दूध चॉकलेट (milk chocolate) आया है। इसकी बिक्री बढ़ाने केलिए उचित **विज्ञापन** तैयार करें।

- स्वादिष्ठ
- शुद्ध दूध से
- 100%प्राकृतिक
- स्वास्थ्य के लिए अच्छा

**24.** बेटी के ऑसुनामा ने बादशाह के मन को विचलित कर दिया। वे उस दिन की डायरी में इसका जिक्र करते हैं। वह **डायरी** तैयार करें।

- परिवार वालों की सोच
- प्रजा के प्रति आकुलता
- खत पढने पर उत्पन्न दर्द
- देश के प्रति प्रेम

**25.** लेखक विश्व हिंदी सम्मेलन में भाग लेने केलिए पारामारिबो पहूँचे। वहाँ के अनुभवों के बारे में लेखक अपने मित्र के नाम एक पत्र लिखते हैं। वह **पत्र** लिखें।

- सम्मेलन का अनुभव
- लोगों के उत्साह
- राष्ट्रपति का भाषण
- हिंदी भाषा का प्रचार